फुट तक है, मौजूदा सड़क की चौड़ाई इकहरी गली की है। 184.45 लाख रुपये की लागत से चतुर्थ पंचवर्षीय योजना कार्यक्रम के भाग के रूप में लगभग 96 किलोमीटर लम्बाई की सड़क के, दो गलियों वाली सड़क के रूप में सशक्त और चौड़ा करने का सुधार कार्य और दो छोटे पुलों के पुनर्निर्माण का अनुमोदन कर दिया गया है।

(ख) सड़क का उक्त सुधार कार्य चालू हो गया है और प्रगति के विभिन्न चरणों में है। इन कार्यों के अगले तीन वर्षों में पूरा किए जाने का कार्यक्रम है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का पुनर्गठन

3683. **श्री सुधाकर पांडे** : क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का पुनर्गठन कब तक हो जाएगा और क्या इसकी रूप रेखा यही रहेगी या इसमें कोई प्रभावशाली परिवर्तन भी सम्भावित है ?

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री (प्रो० एस० नुरुल हसन) : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (संशोधन) अधिनियम, 1972 के उपबन्धों के अनुसार, आयोग के शीघ्र ही पुनर्गठित किए जाने की सम्भावना है।

ब्रज और अवध की स्थानीय संस्कृति की रक्षा

3684. **श्री सुधाकर पांडे** : क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ब्रज और अवध की लोक संस्कृति की रक्षा के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है; और

(ख) क्या इस लोक संस्कृति के अन्तर्गत अनन्त काल से प्रचलित सामाजिक और सांस्कृतिक लोक गीतों का संग्रह करने के लिए सरकार कोई प्रयत्न कर रही है और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा, समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी० पी० यादव) : (क) कला तथा संस्कृति के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं को वित्तीय सहायता देने के अतिरिक्त संगीत नाटक अकादमी ने अपने नियमित क्रियाकलापों के एक भाग के रूप में, इन क्षेत्रों की कला को रिकार्ड करने तथा फिल्म बनाने के सम्बन्ध में कार्रवाई आरम्भ कर दी है। हिन्दी के लिए अपने आम कार्यक्रम के अन्तर्गत साहित्य अकादमी ने ब्रजभाषा में सूरदास द्वारा लिखित सूरसागर से चुनिन्दा अंशों को अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवादित करने की सिफारिश की है। विदेशी भाषाओं में रूपान्तर करने के लिए साहित्य अकादमी द्वारा यूनेस्को के श्रेष्ठ साहित्यिक ग्रंथों में अवधि भाषा में लिखे रामचरितमानस की भी सिफारिश की गई है।

(ख) जी, हां। संगीत नाटक अकादमी द्वारा इन क्षेत्रों के लोकगीत, गाथागीत तथा परम्परागत नाटकीय गीतों का रिकार्डिंग किया गया है।

Specific Schemes submitted by Andhra Pradesh Government under Crash Programme for Rural Employment

3685. SHRI K. KODANDA RAMI REDDY : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 6024 on the 15th May, 1972 regarding the schemes under crash programme for rural employment submitted by Andhra Pradesh Government during 1972-73 and state :

(a) whether specific schemes under 'Crash scheme for rural employment' have since been submitted by Andhra Pradesh Government ; and

(b) if so, the estimated amount of the scheme District-wise ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (PROF. SHER SINGH) : (a) and (b). The Government of Andhra Pradesh have not up till now supplied the particulars of projects that may have been sanctioned by them during 1972-73